जनपद बाराबंकी

दिनांक-29.12.2024

थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा 70 वर्षीय वृद्ध महिला हत्याकाण्ड का सफल अनावरण कर 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही पर आलाकत्ल व मृतका का मोबाइल बरामद-

दिनांक 27.12.2024 को थाना लोनीकटरा क्षेत्रान्तर्गत लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग पर हुसैनाबाद चौराहे के पास अज्ञात महिला उम्र करीब 70 वर्ष का शव एक बोरी में मिला था, जिसकी शिनाख्त सावित्री देवी पत्नी किशोरी लाल कश्यप निवासिनी तहवापुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी के रूप में हुई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना लोनीकटरा पर मु0अ0सं0 445/2024 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। डॉग स्क्वाड व फॉरेन्सिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी।

पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक 29.12.2024 को अभियुक्तगण 1. प्रांशू तिवारी उर्फ रवि तिवारी पुत्र वेद प्रकाश निवासी हुसैनाबाद चौराहा थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी 2. संध्या तिवारी पत्नी प्रांशू तिवारी निवासी हुसैनाबाद चौराहा थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को हुसैनाबाद चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से आलाकत्ल एक अदद डण्डा व मृतका का मोबाइल फोन बरामद किया गया ।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि मृतका, अभियुक्तगण से पूर्व से परिचित थी। दिनांक 26.12.2024 को मृतका भिलवल बाजार से अभियुक्तगण के साथ मोटर साइकिल से उनके घर आयी थी। मृतका ने अभियुक्त के घर नाश्ता किया। कुछ देर बाद अभियुक्त प्रांशू तिवारी ने मृतका पर 1500/-रुपये उसकी पैण्ट से चोरी कर लेने की आरोप लगाया जिसमें दोनों के मध्य विवाद होने लगा। अभियुक्तगण द्वारा मृतका से विवाद के दौरान डण्डा सिर पर मार दिया गया जिससे मृतका की मौके पर मृत्यु हो गयी। अभियुक्तगण द्वारा मृतका के शव को बोरी में भरकर हुसैनाबाद चौराहा के पास झाड़ियों में फेंक दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. प्रांशू तिवारी उर्फ रवि तिवारी पुत्र वेद प्रकाश निवासी हुसैनाबाद चौराहा थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
2. संध्या तिवारी पत्नी प्रांशू तिवारी निवासी हुसैनाबाद चौराहा थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी

बरामदगी-

1. आलाकत्ल 01 अदद डण्डा
2. एक अदद मोबाइल फोन (मृतका का)

पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष लोनीकटरा श्री दौमित्र सेन रावत
2. का0 शिवमोहन वर्मा थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
3. का0 रोहित कुमार थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
4. का0 मनोज कुमार थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
5. म0का0 ममता राजपूत थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी